


# पिलखा भूमि

PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305

ईमेलः—manishvaidy538@gmail.com

वर्ष 01 अंक 09 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक जून 2025 पृष्ठ 8 मूल्य 5







## राज्यपाल रमेन डेका ने जंगलवार कॉलेज कांकेर का किया भ्रमण, प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की

पिलखा भूमि

◀ संपादक – मनीष वैध ▶



रायपुर, 28 मई 2025 राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन आज कांकेर के सिंगारभाट स्थित 'काउंटर टेररिज्म एंड जंगलवार फेयर' महाविद्यालय में पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियों की जानकारी ली। इस दौरान जवानों के अभ्यास का लाइव डेमो देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। जंगलवार फेयर कॉलेज में पीपीटी के माध्यम से जवानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। राज्यपाल ने इसके बाद महाविद्यालय में स्थित म्यूजियम में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख माओवादी घटनाक्रम से अवगत हुए। इसके अलावा राज्यपाल ने जंगलवार कॉलेज का भ्रमण कर विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों में प्रशिक्षार्थियों के द्वारा अभ्यास का डेमो देखा। राज्यपाल को जंगलवार महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भी प्रदाय किया गया। इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम, राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, एडीसी निशांत कुमार, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. एलेसेला सहित पुलिस विभाग के आला अधिकारीगण उपस्थित थे।

## थाना चांदो क्षेत्र के कंठी घाट में बारातियों से भरी बस खाई में गिरने के मामले में आरोपी बस मालिक को गिरफ्तार कर भेजा गया सलाखों के पीछे......

### अपराध क्रमांक 14 2025 धारा 281 125 105 बीएनएस आरोपी हसनू खाखा पिता घासीराम खाखा उम्र 47 वर्ष, निवासी देवरी, थाना धौलपुर, जिला सरगुजा

पिलखा भूमि ◀ समृद्ध मंडल ▶




प्रार्थी हेमंत कुजुर ग्राम धारनगर, थाना शंकरगढ़, जिला बलरामपुर द्वारा थाना चांदो में उपस्थित आकर इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया कि बस वाहन क्रमांक सीजी 15 ए 7322 का चालक द्वारा ग्राम धारानगर से बरगढ़ झारखंड के लिए बस में क्षमता से अधिक सवारी बैठा कर ले जा रहा था, जो कंठी घाट रोड में बस घाट से नीचे गिर जाने से मुझे व लगभग 60 लोगों को गंभीर चोट आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना चांदो में अपराध क्रमांक 14/2025 धारा 281 125 105 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान घटना की संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर विवेचना करते हुए पूर्व में वाहन चालक विपिन कुजूर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, इसी कड़ी में विवेचना दौरान वाहन चालक द्वारा बताया गया कि बस को ग्राम देवरी का हसनू खाखा पिता घासीराम खाखा उम्र 47 वर्ष, निवासी देवरी थाना धौलपुर के द्वारा वाहन चालक विपिन को वाहन में क्लच ब्रेक खराब होने वाहन का स्थिति जर्जर होने व आवश्यकता से अधिक बस में सवारी बैठाने तथा खतरनाक घाटियों से होकर जाने के लिए वाहन चालक विपिन को जबरन भेजना पाए जाने पर आरोपी हंसमुख खाखा को आज दिनांक 27/05/2025 गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## विधायक रामकुमार टोप्पो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर का किया औचक निरीक्षण.



पिलखा भूमि

◀ संपादक – मनीष वैध ▶

सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे ,,जहां सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं का लिया जाएगा,

आपको बता दें कि सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने 15 दिन पूर्व सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किये थे जिसका जायजा लेने आज विधायक रामकुमार टोप्पो सीतापुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, यहां की व्यवस्थाओं को देखते हुए कहा कि आज सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राइवेट अस्पताल से कम नहीं है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में लगातार व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है और यहां सुविधा एक प्राइवेट अस्पताल से बेहतर मिल रही है, यहां वार्डों की स्थिति में काफी सुधार की गई है, और लगातार साफ–सफाई को देखते हुए नई मशीन मांगे गए हैं साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को लेकर के सीतापुर विधायक की मंशा यह है कि सीतापुर के 84 गांव के बीच में आने वाले यह अस्पताल आने वाले भविष्य के लिए एक वरदान साबित होगा, जिसको लेकर लगातार सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो कार्य कर रहे हैं ,वही सीतापुर विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को विधायक मत से एक एंबुलेंस देने की बात कही है साथ ही वार्डों में **AC** लगाने के लिए भी कही है साथ ही किचन में जो किचन सुविधा मिलती है उसमें भी कई प्रकार की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही है, साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हाई मार्क्स लाइट एवं स्वास्थ्य केंद्र का नया गेट बनाया जाएगा इसके लिए भी सीतापुर विधायक ने घोषणा कर दी है आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर के निरीक्षण के दौरान सीतापुर विधायक के साथ नगर पंचायत सीतापुर की पार्षद गण भी उपस्थित रहे

## ' दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार थाना सीतापुर पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई कार्यवाही।




### महिला सम्बन्धी अपराधों मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही त्वरित कार्यवाही।

पिलखा भूमि

◀ संपादक – मनीष वैध ▶

पीड़िता दिनांक 21.05.25 को थाना सीतापुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पीड़िता का जानपरिचय वर्ष 2022 मे ग्राम मुरता थाना सीतापुर निवासी उनेश केरकेट्टा से हुआ था, जानपहचान के बाद बातचीत होता था कि घटना दिनांक 22.05.22 कों आरोपी उनेश केरकेट्टा पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया हैं, प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना सीतापुर मे आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 194.25 धारा 69 बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

▶▶ दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी का पता तलाश कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम उनेश केरकेट्टा आत्मज द्वारिका केरकेट्टा उम्र 24 वर्ष साकिन मुरता थाना सीतापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं।

▶▶ सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक शशि प्रभा दास, प्रधान आरक्षक रामबचन, आरक्षक दिलबोधन, सेवक, पुरेंदर पैकरा, सैनिक रमेश अगरिया सक्रिय रहे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा के दिशा निर्देशन मे गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा अवैध नशीले पदार्थो की तस्करी के मामले मे शामिल आरोपियों पर की गई सख्त कार्यवाही।



▶▶ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा सभी थानाध्चौकी प्रभारियों को प्रतिबंधित नशीले पदार्थो की खरीद बिक्री मे शामिल आरोपियों पर सख्ती से कार्यवाही किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे, उक्त दिशा निर्देशों के परिपालन मे पुलिस टीम द्वारा अवैध नशीले पदार्थो की तस्करी मे शामिल संदेहियो पर पैनी नजर रखी जा रही थी, इसी क्रम मे दिनांक 29–05–25 कों थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा दौरान पेट्रोलिंग बनारस रोड, बंधन होटल के आगे पहुंचने पर रोड के किनारे खड़ी एक महिला जो अपने हाथ में एक लेडिज पर्स तथा एक पुरूष जो अपने पीठ पर एक पिठ्ठु बैग टांगा हुआ था पुलिस वाहन को देख कर दौड़कर भागने लगे जिसे पुलिस स्टॉफ द्वारा पकड़कर पूछताछ किया गया जिनसे नाम पता, भागने का कारण व बैग व पर्स में रखे सामान के विषय में पुछने पर कोई स्पष्ट जवाब न देकर संदिग्धता प्रदर्शित किये।

▶▶ संदिग्धों से हिकमतअमली से पुछताछ किये जाने पर अपना नाम (01) श्रवण कुमार कुशवाहा आत्मज राम गुलाब कुशवाहा उम्र 35 वर्ष साकिन सुभाषनगर (02) गायत्री राजवाड़े पति श्रवण कुमार कुशवाहा उम्र 35 वर्ष साकिन सुभाषनगर थाना गांधीनगर का होना बताये, पुलिस टीम द्वारा संदेहियो की तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से **Rexogesic buprenorphine injection ip 02 ml** का कुल 40 नग कुल मात्रा 80 एमएल, **Avil pheniramine maleate injection ip 10 ml** का कुल 31 नग मात्रा 310 एमएल एवं **Onerex Codeine Phosphate Syrup 100 ml** कुल 06 नग कुल मात्रा 600 **ml** रखना पाये जाने से आरोपियों से उक्त नशीले पदार्थो के सम्बन्ध मे वैध दस्तावेज की मांग की गई, जो आरोपियों द्वारा कोई दस्तावेज नही होना तथा आरोपीया गायत्री द्वारा नगदी रकम को इंजेक्शन व सिरप के बिकी से प्राप्त होना बताया गया, आरोपीयों के द्वारा वाणिज्यक मात्रा में नार्कोटिक्स युक्त इंजेक्शन व सिरप रख कर परिवहन करना पाया जाने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 310–25 धारा 22(सी) एन.डी. पी. एस. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, आरोपियों से नारकोटिक्स युक्त इंजेक्शन एवं सिरफ को लाने एवं खपाने के सम्बन्ध मे पूछताछ की जा रही है, मामले मे अग्रिम जांच विवेचना जारी है।

▶▶ सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक गौरव कुमार पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक राकेश मिश्रा, महिला प्रधान आरक्षक मेविस ज्योत्स्ना खाखा, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, विकास सिंह, ऋषभ सिंह, पवन यादव, घनश्याम देवांगन, सैनिक अनिल साहू सक्रिय रहे।






## सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक दिलबहार टोप्पो एवं सेवानिवृत प्रधान आरक्षक श्याम नारायण सिंह की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पश्चात दी गई भावभीनी विदाई ....

पिलखा भूमि

सरगुजा पुलिस मे पदस्थ सहायक उप निरीक्षक दिलबहार टोप्पो एवं प्रधान आरक्षक श्यामनारायण सिंह के अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पश्चात सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार मे सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई, सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक दिलबहार टोप्पो स्वास्थगत कारणों से विदाई सम्मान समारोह मे उपस्थित नहीं हो सके, उनके स्थान पर सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक की पत्नी तेरेसा टोप्पो कार्यक्रम मे उपस्थित हुई है, एवं सेवानिवृत प्रधान आरक्षक श्यामनारायण सिंह उनके उनके परिजन विदाई सम्मान समारोह मे शामिल हुए, कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) ने कहा कि सहायक उप निरीक्षक दिलबहार टोप्पो एवं प्रधान आरक्षक श्यामनारायण सिंह ने ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का पालन कर संवेदनशील पुलिसिंग में अपना सहयोग प्रदान किया हैं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक दिलबहार टोप्पो एवं प्रधान आरक्षक श्यामनारायण सिंह के परिजनों से चर्चा कर पुलिस परिवार के लिए कल्याण के लिए हर संभव मदद करने की बात कही गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक श्री दिलबहार टोप्पो, सेवानिवृत प्रधान आरक्षक श्री श्यामनारायण सिंह कों स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनायें देकर आगे निरंतर जीवन मे प्रगति करने की शुभकामनायें दी गई।▶▶ कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक के परिजनों एवं प्रधान आरक्षक को मोमेंटो प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई, साथ ही मौके पर ही सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक एवं सेवानिवृत प्रधान आरक्षक के सभी कार्यालयींन औपचारिकताये पूर्ण कर पी.पी.ओ. आदेश जारी किये गए।▶▶ विदाई सम्मान समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, निरीक्षक अंजू चेलक, उप निरीक्षक (एम) अभय सिंह, समस्त कार्यालयीन स्टाप एवं सेवानिवृत पुलिस अधिकारी कर्मचारी के परिजन शामिल रहे।

pilkha bhoomi master filet 2025 to 2026 manish 11_manish 5/31/2025 9:24 PM Page 2



# वनपरिक्षेत्र रामानुजगंज के बीट चुमरा में अतिक्रमित वनभूमि हुई मुक्त

## वनमण्डलाधिकारी के निर्देशन में अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही



पिलखा भूमि ◀ समृद्ध मंडल ▶

**बलरामपुर**,24 मई 2025 वनमण्डलाधिकारी आलोक कुमार बाजपेयी के निर्देशन में आज वनपरिक्षेत्र रामानुजगंज, सर्किल विजयनगर, बीट चुमरा के वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक पी3461 में अवैध रूप से काबिज (1) असगर वल्द वली मो. हम्मद (2) इब्राहिम वल्द वली मोहम्मद (3) इस्मा. ईल वल्द वली मोहम्मद (4) आबिद वल्द वली मोहम्मद (5) उख्तार वल्द वली मोहम्मद (6) मंसूर खान वल्द इदरिस खान (7) संतोष गुप्ता वल्द नरायण गुप्ता (8) नेयाजुद्दीन वल्द ईदरीस (9) रा. जामुन्ना वल्द रामनाथ (10) रामशरण वल्द सोमारू खैरवार (11) रघुनन्दन वल्द नधीरा समस्त ग्राम चुमरा के द्वारा अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाया गया था। पूर्व में इन पर कारण बताओ नोटिस जारी कर वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने की कार्यवाही की गई थी। जिसके फलस्वरूप भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 80 (अ) के तहत् नोटिस जारी किया गया था। तत्पश्चात् उप वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर श्री संतोष कुमार पाण्डेय, प्रशिक्षु ए.सी.एफ.श्री विकास निकुंज, वन परिक्षेत्राधिकारी रामानुजगंज श्री निखिल सक्सेना, वनपरिक्षेत्राधिकारी चान्दो श्री अमूल रतन राय एवं वनपरिक्षेत्र रामानुजगंज, बलरामपुर, वाड्रफनगर, धमनी, चान्दो एवं पुलिस बल, जिला प्रशासन के अधिकारी , कर्मचारियों के सहयोग से अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुये निर्मित 11 मक. ानों को ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया ।वनमण्डलाधिकारी ने कहा है कि इस प्रकार के अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर अंतर्गत रोड रनिंग दौड़ का हुआ आयोजन



पिलखा भूमि ◀ संपादक - मनीष वैध ▶

**अम्बिकापुर** 25 मई 2025 ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025–26 का आयोजन 05 मई 2025 से प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में रविवार को प्रातः 06:00 बजे से खेलों के द्वारा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से रोड रनिंग दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ गांधी स्टेडियम परिसर के बास्केट बॉल ग्राउंड से प्रारंभ होकर घड़ी चौक, संगम चौक से ब्रम्ह रोड से नमनाकला रोड होते हुए पुनः गांधी स्टेडियम परिसर में समाप्त हुई। इस दौड़ में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लगभग 300 खिलाड़ी, अभिभावक, कोच तथा आमजनों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक रामकुमार सिंह, व्हालीबॉल संघ से राकेश कुमार मिश्रा एवं संजय सिंह, बास्केटबॉल संघ से राजेश प्रताप सिंह, शतरंज संघ से शेषरतन जायसवाल, फुटबॉल संघ से उल्बुलन संगा, ताईक्वांडो संघ से गन्नू खत्री एवं अमन गुप्ता, योगा से प्रमोद यादव एवं अमर प्रसाद सिंह, संदीप कुमार देवांगन आदि उपस्थित रहे।

# सिंचाई के संसाधन बन जाने से बदल रही है वनवासी श्रमिक परिवार की जिंदगी

पिलखा भूमि ◀ मो साजिद अली ▶



**एमसीबी**, 23 मई 2025 मेहनत करने वाले हाथों को एक छोटी सी मदद ही उसके जीवन की दशा और दिशा को बदलने में सक्षम हो जाती है। वनों के किनारे रहने वाले आदिवासी परिवार जिन्हें सरकार ने वनों में रहने के लिए वन अधिकार पत्र दिए हैं, उनके लिए मनरेगा की छोटी–छोटी मदद ने परिवर्तन लाना प्रारंभ कर दिया है। मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के खड़गवां जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत है बरदर जहां आदिवासी परिवार रहता है। अपने उबड़–खाबड़ जमीन में किसी तरह कड़ी मेहनत से खेतों को तैयार करने वाले श्रमिक धन सिंह और उनकी पत्नी सुघरी अनूसूचित जनजाति वर्ग से आते हैं। इनके परिवार की आर्थिक स्थिति में परिवर्तन में मनरेगा से बने एक जल संसाधन ने नई उमंग जगा दी है। पहले केवल महात्मा गांधी नरेगा के अकुशल श्रम में जीवन यापन करने वाले इस परिवार के पास अब अपने ही खेतों में भरपूर काम है और उनकी आर्थिक समस्या भी निराकृत हो चली है।

मेहनतकश आदिवासी परिवार की सफलता की कहानी अब औरों के लिए प्रेरणा बन रही है। ग्राम पंचायत बरदर में रहने वाले धन सिंह और उनकी पत्नी सुघरी महात्मा गांधी नरेगा के पंजीकृत परिवार में शामिल अकुशल श्रमिक हैं। इनके वनभूमि पर लंबे समय से रहवास को महत्व देते हुए राज्य शासन से इन्हें कुछ साल पहले वनाधिकार पत्र जारी हुआ। महात्मा गांधी मनरेगा से जुड़े इस परिवार के पास कुछ एकड़ जमीन थी जो वन भूमि होने के कारण असमतल और सिंचाई विहीन थी। लंबे समय से खेत में मेहनत करते हुए इस परिवार ने अपनी भूमि को खेती लायक तो बना लिया था लेकिन केवल बारिश पर आश्रित होने के कारण इन्हें उस भूमि की जोत का कोई विशेष लाभ नहीं मिल रहा था। ऐसे में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बने एक कुंए ने उनके खेती को मजबूत कर दिया है। ग्राम पंचायत से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर धन सिंह की पत्नी श्रीमती सुघरी के नाम पर एक व्यक्तिगत कूप निर्माण कार्य गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत हुआ। इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाते हुए दो लाख इक्यावन हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। तय समय सीमा में तकनीकी सहायक राहुल के देखरेख में यह कार्य पूरा हुआ। कार्य पूरा होने के बाद से ही इस आदिवासी परिवार के जीवन में बदलाव का दौर आरंभ हो गया है। पहले केवल अकुशल मजदूरी पर आश्रित यह परिवार अपने खेतों में तीन फसल ले रहा है। अब इनके खेतों में गर्मी की धान और उड़द जैसे दलहन की फसल लहलहा रही है।

# ग्राम सपघरा में मिट्टी मुरूम के सड़ क बन जाने से लोगों को आवागमन में हो रही सुविधा ग्राम बरपानी से नोनपानी तक बना पहुंच मार्ग

सफलता की कहानी

ग्राम सपघरा में मिट्टी मुरूम के सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में हो रही सुविधा

ग्राम बरपानी से नोनपानी तक बना पहुंच मार्ग



पिलखा भूमि ◀ जशपुरनगर ▶

15 मई 2025 महात्मा गांधी राष्ट्रीय रा. `जगार गांरटी योजना अंतर्गत रूरल कनेकि. टविटी के तहत विकासखण्ड दुलदुला अन्तर्गत ग्राम पंचायत सपघरा में मिट्टी मुरूम सड़क हेतु कार्य स्वीकृत हुआ। ग्राम सभा में ग्रामीणों के मांग पर अवागमन हेतु मिट्टी मुरूम सड़क लोगों के आवागमन के लिए बनाया गया है।

ग्राम पंचायत सपघरा के आश्रित ग्राम बरपानी मे वर्षा ऋतु के दौरान नोनपानी से बरपानी तक जाने वाली कच्ची सड़क मे कीचड़ हो जाता था, जिससे अवागमन मे बड़ी समस्या हो रही थी इस समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत एजेंसी को सूचित कर सड़क निर्माण की मांग किए थे। सड़क नहीं होने से ग्रामीण लोगो को आने जाने मे समस्या होती थी। ग्रामवासीयों द्वारा पूर्व मे कई जगह पर जमीन का अधिग्रहण हो रखा था, जिसे आपसी समझाईश से छोड़ दिया गया। स्वीकृत कार्य मनरेगा मजदूरो को रोजगार दिलाकर ग्राम पंचायत में आवागमन का साधन बन गया। मिट्टी मुरूम सड़क ग्रामीणों को अपनी फसल खेत से लेकर अपने घर तक लाने में मददगार साबित हो रहा है। सड़क के बन जाने से ग्रामीण अब अपने ग्राम बरपानी से नोनपानी तक आसानी से पहुंच सकते है। प्रा.शाला नोनपानी एवं बरपानी में जाने वाले विद्यार्थीयों को अब बरसात में आवागमन में समस्या नहीं हो रही है। पूर्व मे वर्षा ऋतु के दौरान ग्रामीणों को समान लाने ले जाने मे काफी समस्या आती थी, वर्षा ऋतु उपरांत भी कच्ची एवं सड़क बराबर ना होने से फसल लाने एवं ले जाने में में काफी दिक्कत होती थी। सड़क निर्माण के बाद वर्षा ऋतु में भी आवागमन होता है एवं ग्रामीण अपने कृषि एवं अन्य सामग्री को बिना किसी समस्या के सड़क के माध्यम से ला सकते है।

# गांव में ही मिल रही सुविधाएं, नहीं करना पड़ रहा लंबा सफर करडेगा के ग्रामीणों को मिल रही डिजिटल सेवाएं जशपुर के 83 ग्राम पंचायतों में शुरु हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, ग्रामीणों में उत्साह

सफलता की कहानी

जशपुर के 83 ग्राम पंचायतों में शुरू हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, ग्रामीणों में उत्साह

पिलखा भूमि ◀ जशपुरनगर ▶



01 मई 2025 जशपुर और झारखण्ड की सीमा पर बसा छोटा सा गांव करडेगा अपने विकासखण्ड मुख्यालय दुलदुला से 20 किमी दूर बसा है। यहां के ग्रामीणों को अपने छोटे–छोटे शासकीय कार्यों एवं वित्तीय लेनदेन के लिए मुख्यालय जाना पड़ता था। ऐसे में छोटा सा भी शासकीय कार्य हो तो उसे पूरा करने के लिए पूरे दिन अपने सभी निजी कार्यों को छोड़ कर कार्यालय में दिन बिताना पड़ता था। यदि कभी नगद पैसे की आवश्यकता हो तो अपने बैंक में जमा पैसों को निकालना एक कठिन काम हो जाता था। अपना काम धंधा छोड़ कर बैंकों की लंबी कतारों में लग कर दिन भर की मेहनत के बाद अपने पैसे प्राप्त होते थे। जिससे ग्रामीण बहुत परेशान थे। ग्रामीणों के इसी मर्म को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर करडेगा के ग्रामीणों के साथ राज्य के सभी ग्रामीणों को लाभान्वित के लिए डिजिटल क्रांति की सहायता से गांवों में ही सभी शासकीय कार्यों और वित्तीय लेनदेन को करवाने के लिए राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर राज्य के सभी विकास खंडों के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारम्भ किया गया है।

जिसके तहत जशपुर जिले के सभी 08 विकासखंडों के अंतर्गत आने वाले कुल 83 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरु किया गया है। यह योजना जिले के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल क्रांति लाएगी। इससे शासन की सेवाओं और योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक सुगम होगी। इन सुविधा केंद्रों में ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे ग्रामीणों को मिल रही है। अब वे अपने खाते से आसानी से पैसे निकाल सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में पैसे भेज सकेंगे, बिजली–पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे तथा पेंशन–बीमा, जन्म–मृत्यु प्रमाणपत्र, आय–जाति निवास प्रमाणपत्र, भूमि दस्तावेज और ई–डिस्ट्रिक्ट जैसी अनेक सेवाओं का लाभ अपने पंचायतों में ही ले सकेंगे। वर्तमान में पहले चरण में यह सुविधा केंद्र राज्य के प्रत्येक जनपद की 10 ग्राम पंचायतों में प्रारंभ की गयी है और आगामी छरू महीनों में 8 हजार से अधिक पंचायतों में इन केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

इस संबंध में करडेगा के निवासी दिलीप नायक ने बताया कि पहले तहसील के कोई भी काम चाहे आय प्रमाण पत्र हो या भूमि दस्तावेज प्राप्त करना अपने खेती बाड़ी का काम छोड़कर दुलदुला जाना पड़ता था। जिससे एक दिन के काम का नुकसान होता था और अब गांव में ही मेरे काम पूरे हो जा रहे हैं मैं बहुत खुश हूँ। हमारे मुख्यमंत्री ने हमारे लिए गांव में ही कार्यालयों को पहुंचा दिया है इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

करडेगा के किशोर कुमार ने बताया कि पहले किसी को कोई भुगतान करना हो तो पहले दुलदुला जाना पड़ता फिर पैसा निकाल कर लाना और लोगों को भुगतान करना एक लंबा, महंगा और थका देने वाला काम हुआ करता था। अब गांव के सुविधा केंद्र आ जाने से डिजिटली ही भुगतान हो जाता है। जिससे समय के साथ वित्तीय नुकसान भी नहीं होता है।

करडेगा के ग्रामीण दीपेश मिंज ने बताया कि पैसा निकालना हमारे लिए बहुत मुश्किल प्रक्रिया थी साथ ही कभी कोई शासकीय कार्य पड़ जाए तो दिन भर दुलदुला में बिताना पड़ता था जहां ना खाने का ठिकाना ना रुकने का जिससे बहुत दिक्कत होती थी। अब गांव में ही बैंक और शासकीय काम सुविधा केंद्र के द्वारा हो रहे हैं। हम बहुत खुश हैं हमारे जैसे सुदूर अंचल के ग्रामीणों के बारे में भी इतना सोचने के लिए मैं मुख्यमंत्री का धन्यवाद करता हूँ।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधा एवं परामर्श के बारे में ली जानकारीः कलेक्टर

पिलखा भूमि ◀ संपादक - मनीष वैध ▶

**सूरजपुर** 27 मई 2025आज कलेक्टर एस जयवर्धन के द्वारा विकासखंड ओड़गी के सुदूरवर्ती क्षेत्र सेक्शन चपदा के ग्राम गंगापुर आंगनबाड़ी केंद्र में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) एवं धरसेड़ी सेक्सन अंतर्गत ग्राम कर्री के पहुँच विहीन क्षेत्र में (वीएचएसएनडी) का दौरा किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में उन्होंने बच्चों के वजन की नियमित जांच करने, पोषण ट्रेकर पर बच्चों की नियमित एंट्री, हीमोग्लोबिन जांच, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा एवं टीकाकरण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश।

साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धरसेड़ी का औचक निरीक्षण कर उन्होंने मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सुविधा एवं परामर्श के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में पर्याप्त साफ–सफाई रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल में चिकित्सक समय पर उपस्थित होकर मरीजों को समुचित स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी कक्ष,दवा वितरण केन्द्र ,ड्रेसिंग रूम,लेब का निरीक्षण किया ।

इस अवसर पर संस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपिल देव पैकरा, बीपीएम स्वास्थ्य ओड़गी सखन आयाम, पीएचसी प्रभारी अधिकारी मो. अमीन राजा, सेक्टर सुपरवाइजर दल साय पैकरा ,अहिल्या स्टाफ नर्स, सुनीता कुशवाहा एमएलटी, पीएडीए, अरविंद कुमार यादव, सुसील कुमार फार्मासिस्ट फील्ड स्तर में आलोक कुमार,मनोज कुशवाहा आर एचओ वंदना एक्का, फरिता बाई एएनएम सहित एमटी, मितानिन उपस्थित रहे।

# थाना चांदो क्षेत्र के कंठी घाट में बारातियों से भरी बस खाई में गिरने के मामले में आरोपी बस मालिक को गिरफ्तार कर भेजा गया सलाखों के पीछे

अपराध क्रमांक 14ध्2025 धारा 281 125 105 बीएनएस

आरोपी हसनू खाखा पिता घासीराम खाखा उम्र 47 वर्ष, निवासी देवरी, थाना धौलपुर, जिला सरगुजा




पिलखा भूमि ◀ समृद्ध मंडल ▶

**बलरामपुर** प्रार्थी हेमंत कुजुर, ग्राम धारनगर, थाना शंकरगढ़, जिला बलरामपुर द्वारा थाना चांदो में उपस्थित आकर इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया कि बस वाहन क्रमांक सीजी 15 ए 7322 का चालक द्वारा ग्राम धारानगर से बरगढ़ झारखंड के लिए बस में क्षमता से अधिक सवारी बैठा कर ले जा रहा था, जो कंठी घाट रोड में बस घाट से नीचे गिर जाने से मुझे व लगभग 60 लोगों को गंभीर चोट आई है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना चांदो में अपराध क्रमांक 14ध्2025 धारा 281 125 105 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान घटना की संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर विवेचना करते हुए पूर्व में वाहन चालक विपिन कुजूर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, इसी कड़ी में विवेचना दौरान वाहन चालक द्वारा बताया गया कि बस को ग्राम देवरी का हसनू खाखा पिता घासीराम खाखा उम्र 47 वर्ष, निवासी देवरी थाना धौलपुर के द्वारा वाहन चालक विपिन को वाहन में क्लच ब्रेक खराब होने वाहन का स्थिति जर्जर होने व आवश्यकता से अधिक बस में सवारी बैठाने तथा खतरनाक घाटियों से होकर जाने के लिए वाहन चालक विपिन को जबरन भेजना पाए जाने पर आरोपी हंसमुख खाखा को आज दिनांक 27ध्05 ध्2025 गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा की अध्यक्षता में मछुआ सहकारी समितियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



पिलखा भूमि ◀ संपादक - मनीष वैध ▶

**अम्बिकापुर** 27 मई 2025 छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा की अध्यक्षता में विभाग के अधिकारियों एवं मछुआ सहकारी समितियों की समीक्षा बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम मछली पालन विभाग के अधिकारी द्वारा विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में मछली पालन से आय दुगुनी करने हेतु जलाशयों में सही मात्रा में मत्स्य बीज संचय करने, समिति के प्रत्येक सदस्य का किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने तथा प्रत्येक वर्ष आडिट कराने हेतु विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान अध्यक्ष श्री मटियारा द्वारा मछुआ सहक. ारी समितियों के द्वारा मांग तथा समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। विभागीय अधिकारियों को जिले मे रिक्त समस्त तालाबों तथा जलाशयों को मछली पालन हेतु पट्टे पर आबंटित करने, सिंचाई जलाशयों के गहरीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने तथा विभागीय योजनाओं को सही क्रियान्वयन कर मत्स्यपालकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये गए। समीक्षा बैठक पश्चात अध्यक्ष श्री भरत मटियारा द्वारा शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र दरिमा का भ्रमण कर प्रक्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादन के प्रगति की जानक. ारी लेकर शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रक्षेत्र प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान मछुआ कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री रामचरण कोर्राम तथा विजय धुर्वे, जिले के मछली पालन विभाग के समस्त अधिकारी–कर्मचारी तथा प्रक्षेत्र प्रभारी उपस्थित रहे।

# शासकीय कन्या विद्यालय वि. श्रामपुर में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पिलखा भूमि ◀ संपादक - मनीष वैध ▶

**सूरजपुर** 20 मई 2025 कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन आज शा.क. उ. मा.वि. विश्रामपुर में आयोजित सूरजपुर जिले के सभी विकासखण्डों के विद्यालयों से आये प्राचार्य व समीक्षा बैठक में शामिल होकर कार्यस्थल पर मि. हलाओं का लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013 (पोस एक्ट 2013) गुड टच बैड टच बेटी बचओ बेटी पढ़ाओं एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर की जानकारी दी गई, उपस्थित प्राचार्यों का आंतरिक शिकायत समिति के गठन की अनिवार्यता और नहीं गठन करने पर नियोक्ता के उपर 50,000 पचास हजार रूपये का जुर्माना लग सकता है एवं समिति में आये शिकायत और शिकायत पर होने वाली कार्यवाहियों का प्रचार–प्रसार अधिनियम के अनुसार विधि विरूद्ध होगा और उस प्रचार–प्रसार करने वाले व्यक्तिध्मीडिया के उपर कानूनी कार्यवाही (एफ आई आर) दर्ज किया जा सकता है, उन्हें गुड टच और बैड टच, बेटी बचओ बेटी पढ़ाओ, बच्चियों महिलाओं के साथ होने वाले लौगिक भेदभाव बढ़ने, लैंगिक अपराध एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा, रविन्द्र सिंहदेव पी.सी. सोनी, आशीष भट्टाचार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग से महिला संरक्षण अधिकारी इन्द्र कुमारी तिवारी एवं जिले के सभी प्राचार्य उपस्थित रहे।

पिलखा भूमि

छत्तीसगढ़ समाचार

सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र



## कवर्धा . वन क्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन की शिकायत पर वन विभाग सतर्क



पिलखा भूमि ◀ कवर्धा, ▶

26 मई 2025 कवर्धा वनमंडल अंतर्गत ग्राम सोनझरी, भालापुरी, भठैलाटोला, बडौदा खुर्द एवं मिनमिनिया में अवैध वृक्ष कटाई एवं परिवहन की शिकायतों को लेकर वन विभाग ने तत्परता दिखाई है। प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वनमंडल अधिकारी श्री निखिल अग्रवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीओ को स्थल निरीक्षण एवं जांच के निर्देश दिए। एसडीओ द्वारा संबंधित ग्रामों का सघन निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध वृक्ष कटाई अथवा अवैध परिवहन की गतिविधियां नहीं हो रही हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि क्षेत्र में किसी वन अपराध की पुष्टि नहीं हुई है। सावधानी बरतते हुए विभाग ने दिन और रात के समय गश्त तेज कर दी है। स्थानीय वन स्टॉफ द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इस दौरान अन्य राज्यों से तस्करों की किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि भी सामने नहीं आई है। वनमंडल अधिकारी निखिल अग्रवाल ने कहा कि विभाग शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच करता है, जिससे वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि किसी प्रकार की अवैध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

## कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के संबंध में ली बैठक

- उच्च जोखिम गर्भवती मि.हलाओं की शत-प्रतिशत पहचान और जांच सुनिश्चित करें - कले.क्टर
- जिले में प्रत्येक माह 9 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क सोनोग्राफी व विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध



पिलखा भूमि ◀जांजगीर–चांपा▶

23 मई 2025 कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारत सरकार की योजना के तहत् प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत जिला के जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 24 मई 2025 को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शत–प्रतिशत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की त्वरित पहचान की जाए। अभियान के अंतर्गत हितग्राहियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, विशेषज्ञ एवं निजी चिकित्सकों की भागीदारी सुनिश्चित करना, तथा गर्भवती महिलाओं की पूर्ण जांच जैसे हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, वजन, ऊंचाई, शुगर, मूत्र परीक्षण एवं पेट की जांच समय पर की जाए। साथ ही गभ.'वती महिलाओं को पोषण, संस्थागत प्रसव एवं खतरे के लक्षणों के बारे में परामर्श दिया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में चिन्हित उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की श्रेणीवार लाइन लिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा उनका नियमित फॉलो–अप किया जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के अवसर पर 102, 108 सेवाओं तथा अस्पतालों में उपलब्ध एम्बुलेंस का उपयोग आवश्यकतानुसार हितग्राहियों के लिए किया जाए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि माह प्रत्येक की 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के सफल आयोजन हेतु नि:शुल्क सोनोग्राफी हेतु जिला में कुल 18 निजी सोनोग्राफी सेंटरों को चिन्हांकित किया है। जिसमें गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी सुविधा प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को निजी अस्पताल नर्सिंग होमध्क्लीनिक के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल राठौर, डॉ. अर.विंद एक्का, डॉ. पल्लवी शर्मा एवं डॉ. विकास डहरिया क्रमशः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनीडीह, बलौदा, अकलतरा एवं नवागढ़ में नि:शुल्क सेवा प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस जिले में जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल एवं 08 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 01 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं चिन्हांकित 19 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा। जहां विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी तथा आवश्यक संसाधनों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार बर्मन, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. यू के मरकाम सहित संबंधित अधिकारी–कर्मच.ारी उपस्थित थे।

## जिला बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु पात्र अपात्र सूची जारी, 30 मई 2025 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

पिलखा भूमि ◀ सक्ती ▶

, 28 मई 2025 जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के विभिन्न पदों हेतु भर्ती विज्ञापन जारी किए गये थे। प्राप्त आवेदन पत्रो का परीक्षण कर पात्र अपात्र सूची दावा आपत्ति हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार दावा आपत्ति दिनांक 30 मई 2025 शाम 5.30 तक कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी (रीपा भवन) लवसरा रोड जेठा में उपस्थित हो कर प्रस्तुत कर सकते हैं, पात्र अपात्र की सूची तैयार करते समय अनुभव के अंक केवल संलग्न अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर प्रावधिक रूप से दिये गये है। जिन आवेदको द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न किये गये है वे चयन प्रक्रिया के अगामी चरण हेतु अपने अनुभव के समर्थन में निम्नानुसार दस्तावेज तैयार रखेंगे, प्राप्त मासिक वेतन या मानदेय के सत्यापन हेतु बैंक पास बुक बैंक स्टेटमेंट पे स्लिप वाउचर की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रति माह प्राप्त वेतन को हाईलाईट करके एवं बैंक पास बुक बैंक स्टेटमेंट पे स्लिप वाउचर की मूलप्रति। दस्तावेज प्रस्तुत न करने की दशा में अनुभव का अंक नहीं दिया जाएगा एवं लिखित परीक्षा कौशल परीक्षासक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जावेगा जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के पदो पर चयन हेतु लिखित परीक्षा कौशल परीक्षा सक्षात्कार दिनांक 04 जून से 07 जून 2025 तक संभावित है, भार्ती संबंधित समस्त सूचना सक्ती जिले के शासकीय वेबसाईट https://sakti.cg.gov.in/ पर जारी की जाएगी। अतः आवेदक नियमित रूप से इस वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

## यातायात नियमों का अवहेलना करने पर 7 वाहन चालकों का ड्रायविंग लायसेंस निलंबित

**मोटरयान अधिनियम के तहत 1711 प्रकरणों में की गई 6.15 लाख रूपये की चलानी कार्रवाई...जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित**




पिलखा भूमि ◀गौरेला पेंड्रा मरवाही ▶

13 मई 2025 जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी और पुलिस अधीक्षक एस आर भगत ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने और यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चलानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए राज्य मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी वाहनों की गति सीमा के लिए संकेतांक बोर्ड लगाने निर्देश के दिए। जिले के विभिन्न चौक–चौराहों, तिराहा, मोड़ एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार सुधारात्मक उपाय के लिए संबंधित विभागों को रात्रि में प्रकाश व्यवस्था, धीरे चलें का संकेत बोर्ड, क्रेश बेरियर, रिफ्लेक्टिव टेप, फेसवॉल, सड़क किनारे पेड़ पर रेडियम लगाने, सड़कों के गड्ढे भरने, गति अवरोधक, रम्बल स्ट्रीप, रोड मार्किंग आदि के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेण्ड्रा के दुर्गा चौक में ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए पार्किंग स्थल चिंहाकित कर पार्किंग व्यवस्था बनाने के लिए सीएमओ पेण्ड्रा को निर्देश दिए। साथ ही मालवाहक गाड़ियों में लोगों को ढोने से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर ने सख्ती लाने तथा अनुविभाग स्तर पर बैठक लेकर कार.'वाई करने कहा। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सुशासन तिहार में परिवहन विभाग द्वारा अब तक 200 से ज्यादा ला.'गों का लर्निंग लायसेंस बनाया जा चुका है। साथ ही सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का अवहेलना करने पर 7 आरोपी वाहन चालकों का ड्रायविंग लायसेंस निरस्त किया गया है। मोटरयान अधिनियम के तहत माह जनवरी से अप्रैल 2025 तक 1711 विभिन्न प्रकरणों में 6 लाख 15 हजार 800 रूपए की चलानी कार्रवाई की गई है।

बैठक में बताया गया कि बिना हेलमेट के 262 प्रकरणों में 1 लाख 31 हजार रूपए का जुर्माना किया गया। इसी तरह बिना सीट बेल्ट के 71 प्रकरणों में 35 हजार 500 रूपए, दो पहिया वाहन में तीन सवारी के 345 प्रकरणों में 1 लाख 3 हजार 500 रूपए, बिना लायसेंस के 33 प्रकरणों में 33 हजार रूपए, अवैधानिक पार्किंग के 115 प्रकरणों में 34 हजार 500 रूपए, प्रतिबंधित क्षेत्र (नो एन्ट्री) में वाहन प्रवेश के 19 प्रकरणों में 38 हजार रूपए, नाबालिक वाहन चालक के 2 प्रकरणों में 4 हजार रूपए, नशे की हालत में वाहन चलाने के 2 प्रकरणों में 20 हजार रूपए और अन्य 862 प्रकरणों में 2 लाख 16 हजार 300 रूपए की चलानी कार्रवाई की गई है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, एसडीएम पेण्ड्रारोड ऋचा चंद्राकर, एसडीएम मरवाही प्रफुल्ल रजक, जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण नित्या ठाकुर सहित राष्ट्रीय राजमार्ग, यातायात, मुख्य नगरपा.लिका अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में माहवारी को लेकर भ्रांतियों को तोड़ने का प्रयास**

**28 मई को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में माहवारी स्वच्छता पर विशेष आयोजन**

रायपुर, 28 मई 2025 विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर एक अतिआवश्यक सामाजिक विषय पर सकारात्मक पहल की गई। माहवारी स्वच्छता से संबंधित इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों और सामाजिक वर्जनाओं को चुनौती दी गई, बल्कि माहवारी के दौरान स्वच्छता, आत्मसम्मान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। हर बुधवार को आयोजित होने वाले नियमित हेल्थ मेलों की श्रृंखला में इस बार मा.हवारी स्वच्छता दिवस (उमदेजतनंस ीलहपमदम कंल) को विशेष रूप से मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में "ब्रेकिंग टैबू एंड रेजिंग अवेयरनेस अबाउट द इंपॉर्टेंस ऑफ गुड मेंस्ट्रुअल हाइजिन मैनेजमेंट" विषय पर केंद्रित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



**माहवारी पर खुली चर्चा और जागरूकता की पहल** इस विशेष दिवस पर स्वास्थ्य एवं वेलनेस एम्बेस्डर, शिक्षकों, पीयर एजुकेटर्स, आंग.नवाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों तथा जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से माहवारी स्वच्छता पर आधारित जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें रैली, रंगोली प्रतियो.गिता, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताएँ प्रमुख रूप से शामिल थी। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों आयोजित आयोजनों में किशोरियों, महिलाओं तथा अभिभावकों को मा.हवारी से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ ही, स्वच.छता बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय बताते हुए नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन और आयरन की गोली भी वितरित की गई। माहवारी कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि यह एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, जो नारी के स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण की प्रतीक है। इसके बारे में खुलकर बात करना ही मानसिकता में सक.ारात्मक बदलाव लाने की दिशा में पहला कदम है।

प्रदेश में आयोजित इन जागरूकता कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि जब माहवारी से जुड़ी चुप्पी और झिझक टूटेगी, तब महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य की कल्पना अधूरी नहीं रहेगी। इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि समाज अब इस विषय पर खुलकर चर्चा करने के लिए तैयार हो रहा है – और यह बदलाव, सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम है।

## जल जीवन मिशन से बदला सेमबती का भविष्य



पिलखा भूमि ◀रायपुर,▶ 28 मई 2025 जल जीवन मिशन योजना से मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के ग्राम पंचायत सिरियाखोह के ग्राम सिरियाखोह की बस्ती में एक नई रोशनी की किरण जगाई है। इस योजना के अंतर्गत हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित नल जल पहुंचाने का सपना अब साकार हो चुका है। इसका सबसे जीवंत उदाहरण है। सेमबती जो इस बदलाव की साक्षात प्रतीक बन चुकी हैं। सेमबती, जो पहले पानी के लिए कई किलोमीटर दूर पैदल चलने को मजबूर थीं, अब उनके आंगन में नल से स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है। इससे न केवल उनका समय बचा, बल्कि परिवार की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ा है। पहले जहां पानी की कमी से उन्हें खेती–बाड़ी और घरेलू कामों में कठिनाई होती थी, वहीं स्वच्छ जल की उपलब्धता उसके व उसके परिवार के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है, एक ओर जहां शुद्ध पेय जल उन्हें डायरिया, हैजा से बचाती है। वहीं उन्हें इन बीमारियों से होने वाली आर्थिक हानि से भी बचने में मदद करती हैं। अब वे अपने परिवार को अधिक समय भी दे पा रही है उनकी दिनचर्या सुचारू और संतुलित हो गई है।

सेमबती की यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि योजनाएं जब जमीनी स्तर पर ईमानदारी से लागू होती हैं, तो वे आम जीवन को असाधारण रूप से बदल सकती है। जल जीवन मिशन ने न केवल पानी पहुंचाया, बल्कि गांव की उम्मीदों की नई किरण है।

## वार्ड क्रमांक 01 में आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु सहायिका पद के लिए 13 जून तक आवेदन आमंत्रित




पिलखा भूमि ◀महासमुंद,▶

28 मई 2025 एकीकृत बाल विकास परियोजना महासमुंद अंतर्गत शंकर नगर वार्ड क्रमांक 01 में स्थित शंकर नगर आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 के लिए रिक्त सहायिका पद पर नियुक्ति की जानी है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना ने बताया कि सहायिका पद पर नियुक्ति के लिए 13 जून 2025 शाम 05:30 बजे तक कार्यालय बाल विकास परियोजना महासमुंद (शहरी) में कार्यालयीन समय पर सीधे अथवा पंजीकृत डाक द्वारा जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सहायिका पद हेतु आठवीं बोर्ड उत्तीर्ण होना चाहिए। साथ ही आयु सीमा 18 वर्ष से 44 वर्ष की हो। वार्ड निवासी सत्यापन के लिए आवेदिकाओं को वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शहरी क्षेत्रों में आवेदिका उसी वार्ड का होना चाहिए जहां आंग.नबाड़ी केन्द्र संचालित है तथा गरीबी रेखा प्रमाण पत्र सर्वे सूची 2011–12 का होना चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय महासमुंद से सम्पर्क कर सकते है।

## गर्भवती प्रेमिका को शादी करने का झूठा वादा करके दूसरी लड़की से शादी करने की तैयारी में लगे आरोपी को थाना कोरंधा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अपराध क्रमांक 19–25 धारा 64(2)(m), 69 BNS आरोपी विकेश निवासी ग्राम रामनगर थाना कुसमी, जिला बलरामपुर रामानुजगंज**



पिलखा भूमि ◀ समृद्ध मंडल ▶

पीड़िता एवं आरोपी के बीच पिछले सात आठ वर्षो से प्रेम प्रसंग था। प्रेमी लड़के ने पीड़िता को शादी करने का झूठा वादा करके पीड़िता के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया, जिससे पीड़िता 05 माह की गर्भवती हो गई। इसके पश्चात पीड़िता के गर्भवती होने की जानकारी होने पर भी आरोपी किसी अन्य लड़की से रिश्ता तय कर शादी करने के प्रयास में था। पीड़िता द्वारा घटना के संबंध में थाना कोरंधा में लिखित आवेदन प्रस्तुत करने पर अपराध क्रमांक 19–2025 धारा 64(2)(उ), 69 ठछै पंजीबद्ध कर आरोपी विकेश निवासी ग्राम रामनगर थाना कुसमी को आज दिनांक 27–05. 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## बिजली कर्मी की बिजली खंभे से गिर कर इलाज के दौरान हुई मौत,----सीतापुर विधायक ने मृतक के प्रति संवेदना प्रकट किया,,

पिलखा भूमि ◀ संपादक - मनीष वैद्य ▶

मैनपाट बिजली विभाग में कार्यरत संविदा कर्मच.ारी सुनील कुमार टोप्पो बिजली की त्रुटि सुधारने के लिए खंभेर चढ़ा था,जहां खंभे से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया था यह घटना 21 मई को मैनपाट में हुई थी, जहां घायल का इलाज रायपुर के हॉस्पिटल में हो रहा था,,जहां सीतापुर विधायक रामकुमार टा.'प्पो घायल से मुलाकात करने पहुंचे थे, और डाक्टरों से बात कर बेहतर उपचार हेतु कहा था ,,परन्तु कल रात उनका उपचार के दौरान मौत हो गया,,जिसको लेकर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने उनकी असामयिक मृत्यु पर दुख जताया है और अपनी संवेदना जताते हुए कहा है कि यह काफी दुखद घटना है,,इस तरह की घटना दुबारा न हो इसके लिए ध्यान रखने की आवश्यकता है,,इस दुख की घड़ी में हम



परिवार के साथ हैं,,बाइटरामकुमार टोप्पो,विधायक सीतापुर विधानसभा



pilkha bhoomi master filet 2025 to 2026 manish 11_manish 5/31/2025 9:24 PM Page 4






# सुशासन तिहार अंतर्गत खोड में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की मौजूदगी में समाधान शिविर का किया गया आयोजन

पिलखा भूमि
◀ संपादक – मनीष वैद्य ▶



**सूरजपुर** 29 मई 2025 प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थित में सुशासन तिहार के अंतर्गत ओडगी विकासखंड के ग्राम पंचायत खोड़ में समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में क्लस्टर के सभी 08 ग्राम बेदमी, छतोली बीजो, इंजानी, करवा, केसर, खोंड़, मसंकी, टमकी ग्राम पंचायतों के नागरिकों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न समस्याएं शासन–प्रशासन के समक्ष रखा। इस दौरान विभाग के बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

सुशासन तिहार के अंतिम चरण में ग्राम खोड़ पहुंची मंत्री राजवाड़े ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की "संवाद से समाधान" पहल की सराहना की और इसमें सहभागी बनने वाले जिले के सभी गणमान्य नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि शासन की इस पहल और जिला प्रशासन की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाया है। सड़क, बिजली, पानी, राशन, पेंशन जैसी मूलभूत समस्याओं के साथ ही कई नए आवेदन स्वीकार कर उनका निराकरण किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगे भी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आम जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि समाधान शिविर के आयोजन से उन्हें अपनी समस्याओं को सीधे शासन तक पहुंचाने का अवसर मिला है।

**शिविर के दौरान मंत्री राजवाड़े ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में पांच महिलाओं को साड़ी और नारियल भेंट कर सम्मानित भी किया।**

# सुशासन तिहार में खालेबेन्दी के ग्रामीणों की वर्षो पुरानी पेयजल समस्या का हुआ समाधान



**कोहड़ापारा में नए हैंडपंप से मिल रहा शुद्ध पेयजल**

**कोण्डागांव**, 21 मई 2025 जिला मुख्यालय से लगभग 70 किला.`मीटर दूर स्थित केशकाल विकासखंड अंतर्गत खालेबेन्दी गांव के कोहड़ापारा में निवासरत सात परिवारों को वर्षों से पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

सुशासन तिहार 2025 के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देश पर केशकाल एसडीएम अंकित चौहान के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शीघ्र समाधान की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर तत्परता से कार्रवाई की। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जल आपूर्ति व्यवस्था मौजूद न होने तथा समस्या की गंभीरता को देखते हुए, विभाग ने प्राथमिकता के आधार पर कोहड़ा पारा में एक नया हैंडपंप स्थापित किया।

इस पहल से न केवल ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हुआ, बल्कि उनके जीवन में सुविधा, सुरक्षा और सम्मान भी लौटा।शासन–प्रशासन की इस त्वरित और संवेदनशील पहल से ग्रामीणों ने शासन का आभार जताया।

# सुशासन तिहार में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिये प्राप्त हो रहे हैं आवेदन



**नारायणपुर**, 22 मई 2025 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से 31 मई तक तीन चरणों में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं की त्वरित सुनवाई और समाधान सुनिश्चित करना है।

सुशासन तिहार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में 1 हजार 115 व्यक्तिगत शौचालय और 05 सामुदायिक शौचालय के लिए मांग पत्र पंचायतों को प्राप्त हुआ है, जिसका निराकरण कर आवेदन का पात्र अपात्र का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन पश्चात् स्वीकृति की कार्यवाही की जावेगी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत छूटे हुये परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण एवं उपयोग करने पश्चात् 12 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि संबंधित हितग्राही को आधार आधारित प्रणाली से राशि जारी किया जाता है। सुशासन तिहार में मुख्यमत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप नारायणपुर जैसे पिछड़े आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में ग्रामीण बढ़–चढ़कर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के मांग पत्र दे रहे हैं, जिसका कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो के मार्गदर्शन मे आवेदन का निराकरण कर स्वीकृति की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायतों में बैठक आयोजित कर शौचालय निर्माण के लिये ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

# संपादकीय एवं लेख

## छत्तीसगढ़ में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

**भैंसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए दी साढ़े 3 करोड़ की सौगात**

**भैंसा में नवीन पुलिस चौकी खोलने की घोषणा**



29 मई 2025 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर जिले के ग्राम भैंसा में आयोजित सुशासन शिविर में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 29 मई से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् निर्मित 110 पक्के मकानों की चाबी हितग्राहियों को सौंपा।

मुख्यमंत्रीसाय ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुवात हो रही है। इस अभियान में केंद्र सरकार के वैज्ञानिक भी आएंगे और राज्य के वैज्ञानिकों के साथ दल बनाकर कार्य करेंगे। राज्य के 13 लाख से अधिक किसानों से आने वाले दिनों में सम्पर्क कर हम राज्य में कृषि विकास हेतु कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर कृषि वैज्ञानिक और शोधकर्ता प्रयोग शाला से खेत तक जाकर उन्नत एवं संतुलित कृषि के संबंध में किसानों को जागरूक करेंगे तथा किसानों से भी सुझाव लेंगे।

मुख्यमंत्र साय ने सुशासन शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश के हर गरीब के पास पक्का मकान होना चाहिए। हमारी सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने राज्य के मकान विहीन वाले एवं गरीब परिवारों को 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है। लाखों लोगों को उनके पक्के आवास मिल चुके हैं। साथ ही शेष बचे हुए मकानों का निर्माण जारी है, उन्होंने कहा कि आवास प्लस प्लस में सब बचे हुए पात्र लोगों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 70 लाख से ज्यादा बहनों के खातों में महतारी वंदन योजना के तहत् प्रतिमाह 1 हजार रूपए की राशि अंतरित किए जा रहे हैं। जिनका नाम नही जुड़ा, उनके लिए भी जल्द ही योजना में नाम जोड़ने का काम शुरू किया जाएगा।

### हितग्राहियों से लिया फीडबैक

मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के फीडबैक लिए। हितग्राही श्री चमार सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि गिरते हुए जल स्तर को ध्यान में रखते हुए धान की खेती के अलावा उद्यानिकी और कम पानी खर्च और अधिक आमदनी वाले फसलों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने जैविक कृषि के लिए भी किसानों से अपील की। श्रीमती चंदन ने महतारी वंदन योजना शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि वे इस योजना के पैसे का उपयोग बच्चों की पढ़ाई के साथ ही अन्य जरूरत पर करते हैं।

### मुख्यमंत्री की घोषणाएं

मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में क्षेत्र के विकास के लिए लगभग साढ़े 3 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। इनमें ग्राम भैसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 75 लाख रूपए, हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75 लाख 23 हजार रूपए पानी टँकी एवं पाइप लाइन विस्तार हेतु 55 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए 50 लाख रूपए, अहाता एवं शेड निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, ग्राम अमोड़ी में पाइप लाइन विस्तार के लिए 42 लाख रूपए, हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 24 लाख रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने इस मौके पर भैंसा में नवीन नवीन पुलिस चौकी खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शिविर में कृषि पत्रिका का भी विमोचन किया। समाधान शिविर में कृषि विभाग के योजनाओं के तहत् हितग्राहियों का कृषि उपकरणों हेतु अनुदान चेक, दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकल, किसान क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किए।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिसर्च सिर्फ लैब तक न रहे, लैब से निकलकर वैज्ञानिक गांव–गांव तक जाए और किसानों तक जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया। यहां केंद्र सरकार के 100 वैज्ञानिक आएंगे, साथ ही यहां के वैज्ञानिक और विभिन्न विभागों के अधिकारी हर दिन 2–2 कैंप करेंगे और किसान को उन्नत और संतुलित खेती के संबंध में जानकारी देंगे। उन्होंने राज्य के किसानों को अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा किसान शामिल हो। कौन सी खेत में क्या फलस लेना है कितनी खाद–बीज और दवाई की जरूरत है के संबंध में चर्चा करें और कृषि को उन्नत बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सोच है कि हमारे किसान जितने मजबूत होंगे, उतना देश शक्तिशाली और मजबूत होगा। कार्यक्रम को स्थानीय विधायक गुरू खुशवंत साहेब ने भी संबोधित किया और क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष् अपनी मांग रखी। समाधान शिविर में कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह ने बताया कि जिले में प्रथम चरण में 2,98,635 आवेदन प्राप्त हुए तथा शिविरों के माध्यम से 12,003 आवेदन मिले इनमें मांग 2,89,968 और शिकायतों के 8641 प्राप्त हुए। सभी आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। मात्र शिकायतों के 26 प्रकरण लंबित है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए भी शिविर लगाए गए थे। इन शिविरों में 5000 से अधिक लर्निंग लाइसेंस बनाए गए हैं।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्षश्री चंद्रहास चंद्राकर, किसान कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्रवंशी, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव सहला निगार, रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे, एस.एस.पी लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन और नगर निगम के आयुक्त विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# समाधान शिविररू 46 हितग्राहियों को पीएम आवास व 40 को शौचालय की मिली स्वीति

**05 हजार 770 आवेदनों का किया गया गुणवत्तापूर्ण निराकरण**

**ग्राम मनोहरपुर में समाधान शिविर का हुआ आयोजन**



**मुंगेली**, 26 मई 2025 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार अंतर्गत आमजनों की समस्याओं एवं मांगों के निराकरण के लिए समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज लोरमी विकासखण्ड के ग्राम मनोहरपुर स्थित हा. ईस्कूल मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत लोरमी की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा विक्रम सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शांति देवचरण भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिकों ने शिविर में विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आमजनों को प्रेरित किया। शिविर में मनोहरपुर क्लस्टर अंतर्गत ग्राम चंदली, करनकापा, मनोहरपुर, खपरीडीह, राजपुर, बिजराकापाखुर्द, परसाकापा, पेण्ड्रीतालाब बी., बंधवा, केस्तरपुर, बरबसपुर, मोहतरा तेली, विचारपुर, झाफल और लछनपुर सहित कुल 15 ग्राम पंचायतों के लोग शामिल हुए और अपने आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। आमजनों ने विभागीय स्टॉल में शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली और पात्रतानुसार लाभ उठाने आवेदन प्रस्तुत किया।

लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि प्रथम चरण अंतर्गत 05 हजार 773 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से 05 हजार 770 आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर लिया गया है। पीएम आवास प्लस 2.0 में सर्वे कर 01 हजार 800 लोगों का नाम जोड़ा गया है। इसके साथ ही शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामाग्री प्रदान कर लाभान्वित किया गया, इनमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 04 स्व सहायता समूहों को चक्रीय निधि व सामुदायिक निवेश कोष का चेक, 02 महिलाओं को लखपति दीदी प्रमाण पत्र, 40 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण स्वीकृति आद.`श, 22 को मनरेगा का जॉब कार्ड, 44 को पेंशन स्वीकृति आदेश, 46 को पीएम आवास स्वीकृति आदेश, 10 को आयुष्मान कार्ड, 58 को राशनकार्ड, 20 को नोनी सुरक्षा योजना का बॉण्ड पेपर, 20 कृषकों को पॉवर स्प्रेयर व किसान सम्मान निधि, 10 को फलदार पौधे, 20 बच्चों को श्रवण यंत्र व एम. आर. किट, 02 को महा. जाल, 09 को लर्निंग लाईसेंस, 40 हितग्राहियों को केसीसी योजना के तहत चेक का वितरण किया गया और महतारी वंदन योजनांतर्गत 102 नया पंजीयन, 46 हैण्पम्पों में सुधार, 21 पेंशन योजना के तहत पंजीयन और पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत 04 नया पंजीयन किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# बिलासपुर सुशासन तिहार में रीना यादव और सीमा बघेल को मिला नया राशनकार्ड

**त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जताया आभार**



**बिलासपुर**, 12 मई 2025 छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान मिल रहा है, सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविरों में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार में आवेदन करने पर निगम क्षेत्र की दो हितग्राहियों रानी यादव और सीमा बघेल को त्वरित रूप से नवीन राशनकार्ड प्रदान किए गए।

नगर निगम क्षेत्र के जोन क्रमांक 2 की निवासी रानी यादव ने प्राथमिकता श्रेणी के अंतर्गत राशनकार्ड हेतु आवेदन किया था। जांच में पाया गया कि वह असंगठित क्षेत्र में श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं और उनका नाम श्रमिक कार्ड में मजदूर (रेजा, कूली) के रूप में दर्ज है। पात्रता की पुष्टि के बाद उन्हें नवीन प्राथमिकता राशनक.ार्ड प्रदान किया गया।

इसी तरह श्रीमती सीमा बघेल ने सामान्य राशनकार्ड के लिए आवेदन दिया था, जांच में यह पाया गया कि वह संयुक्त एवं सामान्य परिवार से संबंध रखती हैं, और उनके पति श्री सतीश बघेल भारतीय रेलवे में लोको पायलट के रूप में कार्यरत हैं।समाधान शिविर में आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि के बाद उन्हें नवीन सामान्य राशनकार्ड जारी किया गया।

दोनों हितग्राहियों ने राज्य शासन की सुशासन तिहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से उन्हें बिना किसी कठिनाई के सरक.ारी सुविधा का लाभ प्राप्त हुआ है। रानी यादव ने बताया कि पहले कई बार प्रयास के बावजूद राशनकार्ड नहीं बन सका था, लेकिन इस योजना ने उनके परिवार की बड़ी समस्या का समाधान कर दिया। वहीं सीमा बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जनसाधारण के लिए सुशासन की जो पहल शुरू की है उससे आम लोगों को राहत मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि श सुशासन तिहार श का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता के साथ पहुंचाना है। राशनकार्ड, पेंशन, श्रमिक कार्ड, स्वास्थ्य बीमा के साथ ही साफ सफाई,बिजली और पेयजल समस्याओं का इस पहल के माध्यम से तेजी से समाधान किया जा रहा है। सुशासन तिहार से प्रशासन और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय का स्थापित हो रहा है और आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978